>

Title: Need to expedite payment of compensation to farmers whose land have been acquired by Indian Air Force in Hanumangarh district, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): भारतीय वायु सेना के द्वारा एयर टू ग्राउण्ड फायरिंग रेंज, ठुकराना के लिए राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की रावतसर तहसील के ग्राम मोटेर, धांधुसर, बनासर व घिरसर, बांगासर की 47299 बीघा भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पिछले बीस वर्षो से चल रही है। राजस्थान सरकार द्वारा भी इसके लिए अनापति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया 1997 से विचाराधीन है, 12 वर्ष पश्चात भी भूमि एयरफोर्स को हस्तांतरित नहीं की गई है, भूमि अधिग्रहण की राशि भी भूमालिकों को प्रदान नहीं की गई है। एयरफोर्स सूरतगढ़ को 187.31 करोड़ रूपया अवार्ड राशि जमा कराने के लिए कहा गया है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण मुआवजा का प्रकरण रक्षा मंत्रालय के पास विचाराधीन है। उपरोक्त प्रकरण का निस्तारण नहीं होने के कारण उक्त गांवों के किसानों के समक्ष विकट संकट पैदा हो गया है। उक्त गांवों के विकास कार्य बंद हैं, वे अपनी जमीन पर सुधारात्मक कार्य भी नहीं करवा पा रहे हैं। इस क्षेत्र के ग्रामवासी, ग्राम सेवा सहकारी समिति लि. मोटेर व जनप्रतिनिधि काफी समय से इस समस्या के समाधान का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी रक्षा मंत्री महोदय को पत्र लिखा है। किसान दिक्कत में हैं फिर भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर भू मालिकों को अविलम्ब बाजार दर पर मुआवजा राशि प्रदान करते हुए इस प्रकरण का निस्तारण किया जावे।